ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 339

अमेरिका आज 119 भारतीयों को जबरन भेजेगा:अमृतसर में लैंडिंग पर CM मान बोले- केंद्र सरकार पंजाब को बदनाम कर रही; BJP बोली- अज्ञानी मुख्यमंत्री



24 न्यूज अपडेट

अमेरिका अवैध तरीके से पहुंचे भारतीयों को 2 और विमानों से भारत वापस भेज रहा है। इनमें से एक विमान आज (15 फरवरी) रात करीब सवा 10 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरेगा, जिसमें 119 लोगों के होने की संभावना है, जबकि दूसरा विमान 16 फरवरी को यहां लैंड करेगा।

इसे लेकर पंजाब CM भगवंत मान और भाजपा आमने-सामने हो गए हैं। CM मान ने कहा है कि पंजाब में अवैध अप्रवासियों के विमान उतारना गलत है। यह पंजाब को बदनाम करने की साजिश है। जो लोग गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गए थे, उन्हें डिपोर्ट किया जा रहा है। पहले भी जो लोग डिपोर्ट हुए थे, उनमें अलग-अलग प्रदेशों के लोग थे। फिर विमान अमृतसर में क्यों उतारे जा रहे हैं?

CM के मान इस बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। BJP सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा है कि CM भगवंत मान को ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति करने से बचना चाहिए। AAP नेताओं को देश की सुरक्षा की कोई परवाह नहीं है। वे केवल राजनीति करते हैं।

वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा- अमेरिका से भारत आने वाली उड़ानों के लिए अमृतसर सबसे पास एयरपोर्ट है। यही कारण है कि अवैध अप्रवासियों को लेकर अमेरिकी विमान वहां उतर रहे हैं। भगवंत मान अज्ञानी मुख्यमंत्री हैं। इस मुद्दे का राजनीतिकरण करना बंद करें।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले CM मान- अमृतसर को डिटेंशन सेंटर न बनाएं

इस मामले में बात रखने और व्यवस्थाओं की जानकारी के लिए CM मान ने अमृतसर एयरपोर्ट पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने बताया कि डिपोर्ट होकर आ रहे सभी भारतीयों के रहने, खाने और उन्हें घर तक छोड़ने की सारी व्यवस्था पंजाब सरकार ने कर दी है। पंजाब का जो व्यक्ति जहां का होगा, उसे वहां तक छोड़ा जाएगा। हरियाणा के लोगों को भी छोड़ देंगे। बाकियों को दिल्ली भेजा जाएगा। अमृतसर में विमान की लैंडिंग पर मुख्यमंत्री मान ने कहा कि इस पवित्र शहर को डिटेंशन सेंटर न बनाया जाए। केंद्र सरकार से इसी बात का ऐतराज किया जा रहा है कि आपके पास और भी एयरपोर्ट व एयरबेस हैं, इस तरह के जहाजों को वहां क्यों नहीं उतारते?

अमृतसर नजदीक है तो अमेरिका-कनाडा की फ्लाइट क्यों नहीं शुरू कराते?

BJP के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह के अमृतसर अमेरिका के नजदीक होने के बयान पर CM मान ने कहा- जब अमृतसर इतना ही नजदीक है तो यहां से अमेरिका, कनाडा के लिए फ्लाइट क्यों नहीं शुरू कराते? और फिर केवल 35 मिनट दूर दिल्ली है अमृतसर से। क्या ट्रंप 35 मिनट का और तेल नहीं डाल पा रहे विमान में? यह तो कोई तर्क ही नहीं है। CM मान ने केंद्र सरकार से कहा- प्रधानमंत्री मोदी करते हैं कि अमेरिका जिन लोगों को डिपोर्ट करेगा, हम उन्हें एक्सेप्ट (स्वीकार) करेंगे। यह तो अच्छी बात है, लेकिन रिसीव तो इज्जत से किया जाए।

17 साल बाद मुनाफे में आई BSNL:तीसरी तिमाही में कंपनी को 262 करोड़ का प्रॉफिट, चार साल में दोगुना हुआ EBITDA



24 न्यूज अपडेट

सरकारी टेलीकॉम कंपनी BSNL को वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 262 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। 17 साल में यह पहला मौका है जब कंपनी मुनाफे में आई है। आखिरी बार 2007 में BSNL किसी तिमाही में प्रॉफिटेबल रही थी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार (14 फरवरी) को इसकी जानकारी दी।

अक्टूबर-दिसंबर 2024 में कंपनी का मोबिलिटी सर्विस से होने वाले रेवेन्यू में 15% ,फाइबर-टू-द-होम (FTTH) रेवेन्यू में 18% लीज्ड लाइन सर्विस से रेवेन्यू में पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में 14% की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, पिछले चार साल में BSNL का EBITDA 1,100 करोड़ रुपए से दोगुना होकर लगभग 2,100 करोड़ रुपए हो गया।

लागत कम करने से नुकसान 1800 करोड़ कम हुआ

संचार मंत्री सिंधिया ने बताया, ' कंपनी ने मौजूदा वित्त वर्ष (2024-25) अपनी फाइनेंस कॉस्ट और ओवरऑल एक्सपेंडिचर में कटौती की है, जिससे पिछले साल की तुलना में घाटे में 1,800 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमी आई है।' उन्होंने कहा कि कंपनी का कस्टमर बेस भी बढ़कर दिसंबर तिमाही में 9 करोड़ हो गया। जून में यह 8.4 करोड़ था।

10-महीने के बेटे को साथ लेकर पिता चला रहे ऑटो

4 महीने का था तब मां की मौत; लोग कहते थे-नहीं संभाल पाओगे, दूसरी शादी कर लो



24 न्यूज अपडेट

जयपुर में पिता-पुत्र का अनूठा प्रेम देखने को मिला। पिता सुनील (25) 10 महीने के बेटे प्रिंस को दिनभर ऑटो चलाते हैं। जब वे शहर की सड़कों ये गुजरते है तो उनके इस प्रेम को देखकर हर कोई अचंभित हो जाता है।

जब इस हालात में सुनील को ऑटो चलाते हुए शहर के सहकार मार्ग पर देखा तो उनसे बातचीत की। सुनील ने बताया जब प्रिंस 4 महीने का था तब उसकी मां माया की मौत हो गई थी। रात को हम लोग खाना खाकर सोए थे। सबकुछ ठीक था। सुबह जब उसे उठाया तो आंख नहीं खुली। हॉस्पिटल ले गया तो पता चला मौत हो गई।

सुनील ने बताया- उनकी शादी 7 साल पहले हुई थी। शादी के 6 साल बाद प्रिंस हुआ। लेकिन, माया की मौत के बाद प्रिंस की सारी जिम्मेदारी उन पर आ गई।

उन्होंने सोच लिया था कि मां की कमी कभी महसूस नहीं होने दूंगा। इसके बाद से उसे अपने साथ ऑटो में साथ लेकर चलने लगा। कई बार लोग भी कहने लगे कि इसे संभाल नहीं पाओगे, दूसरी शादी कर लो।

मां की मौत, घर में संभालने वाला कोई नहीं

सुनील ने बताया कि वे अभी शहर के प्रताप नगर इलाके में रहते हैं और दौसा के रहने वाले हैं। उनके पिता आसाम में महंत हैं। मां की मौत हो चुकी है। उनके बेटे प्रिंस को संभालने वाला परिवार में कोई नहीं है। वे घर के इकलौते बेटे हैं।

ऐसे में माया की मौत के बाद प्रिंस की जिम्मेदारी उन पर आ गई। उन्होंने बताया कि वे रोजाना करीब 100 किलोमीटर तक ऑटो चलाते हैं। इस दौरान उनका बेटा उनके साथ ही रहता है। पूरे दिन पिता की गोद में चिपक कर रहता है।

पिता बोले- सुबह उठकर दूध पिलाने से लेकर तैयार करने की जिम्मेदारी मेरी

सुनील कहते हैं- प्रिंस के लिए मां भी मैं हूँ और पिता भी मैं हूं। सुबह उठ कर अपने बच्चे को दूध पिलाने से लेकर नहलाने तक का काम करने के बाद मैं प्रिंस को को लेकर काम पर निकल जाता हूं।

महाकुंभ में फिर भीषण आग, कई टेंट जले



24 न्यूज अपडेट

महाकुंभ में शनिवार को फिर आग लगी है। एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर रवाना हुईं। मेले में जबरदस्त भीड़ के चलते गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में कठिनाई हो रही है।

कई टेंट आग में जल गए हैं। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने में जुटे हैं। भीड़ को मौके से हटाया गया है। चश्मदीद ने बताया कि श्रीराम चरित मानस सेवा प्रवचन मंडल के शिविर में भी आग लगी। यहां से सभी लोग जा चुके थे। कुर्सी, टेंट, खाने का सामान जल गया। शिविर में नोटों के 3 बैग रखे थे, बताया जा रहा है कि एक बैग सुरक्षित रख लिया गया है। दो बैग के जलने की आशंका है।

इस हफ्ते सोना-चांदी में रही तेजी:सोना 1299 बढ़कर 85998 पर पहुंचा, चांदी 2562 महंगी होकर 97953 प्रति किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, पिछले शनिवार यानी 8 फरवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का दाम 84,699 रुपए था, जो अब यानी 15 फरवरी को 85,998 रुपए पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसके दाम 1,299 रुपए बढ़े हैं। वहीं इस हफ्ते चांदी 2,562 रुपए महंगी होकर 97,953 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। पिछले शनिवार को ये 95,391 रुपए प्रति किलो पर थी।

1 जनवरी से अब तक सोना 9,836 महंगा हुआ

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 9,836 रुपए बढ़कर 85,998 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 11,936 रुपए बढ़कर 97,953 रुपए पर पहुंच गया है।

99,000 रुपये में लाइफटाइम अनलिमिटेड पानी पूरी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, नेशनल डेस्क। यह खबर नागपुर के गोलगप्पा विक्रेता विजय मेवालाल गुप्ता के अनोखे ऑफर्स के बारे में है, जिन्होंने अपने ग्राहकों को लुभाने के लिए अनोखी मार्केटिंग रणनीति अपनाई है। उनके द्वारा दिए गए कुछ प्रमुख ऑफर्स इस प्रकार हैं: 99,000 रुपये में लाइफटाइम अनलिमिटेड पानी

पूरी – इस ऑफर के तहत ग्राहक अपनी पूरी जिंदगी बिना किसी अतिरिक्त खर्च के गोलगप्पे खा सकते हैं।

151 पानी पूरी खाने पर 21,000 रुपये का इनाम –यदि कोई ग्राहक एक बार में 151 गोलगप्पे खा लेता है, तो उसे 21,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा।

1 रुपये में 40 गोलगप्पे – एक बार में 40 पानी पूरी खाने वाले ग्राहकों के लिए यह खास ऑफर रखा गया है।

लाडली बहना योजना के लाभार्थियों के लिए विशेष

डील – इस योजना के तहत पात्र ग्राहकों को सिर्फ 60 रुपये में असीमित पानी पूरी खाने का अवसर मिलेगा।

195 रुपये में एक महीने के लिए अनलिमिटेड पानी पूरी – यह उन ग्राहकों के लिए है जो हर दिन गोलगप्पे का आनंद लेना चाहते हैं। विजय गुप्ता के अनुसार, इन योजनाओं का उद्देश्य ग्राहकों को बढ़ती महंगाई से राहत देना और गोलगप्पे खाने के खर्च को कम करना है। अब तक दो ग्राहक 99,000 रुपये के लाइफटाइम ऑफर का लाभ उठा चुके हैं। उनके इस अनोखे बिजनेस मॉडल ने सोशल मीडिया पर भी काफी लोकप्रियता हासिल की है और लोग बड़ी संख्या में उनके स्टॉल पर पहुंच रहे हैं। उनके दोस्ताना स्वभाव और किफायती योजनाओं ने ग्राहकों को आकर्षित किया है और उनका व्यापार तेजी से बढ़ रहा है।

महाराष्ट्र लव जिहाद के खिलाफ कानून लाने की तैयारी में:7 मेंबर्स का पैनल बनाया; दूसरे राज्यों के कानून की स्टडी कर सरकार को सुझाव देगा

24 न्यूज अपडेट



महाराष्ट्र की भाजपा सरकार ने लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे मामलों के खिलाफ कानून बनाने के लिए 7 सदस्यीय कमेटी बनाई है। कमेटी महाराष्ट्र के DGP संजय वर्मा की अध्यक्षता में बनाई गई है।

पैनल में महिला एवं बाल कल्याण, अल्पसंख्यक मामले, कानून एवं न्यायपालिका, सामाजिक न्याय, विशेष सहायता और गृह जैसे प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं।

कमेटी जबरन धर्मांतरण और लव जिहाद की मामले में शिकायतों को कैसे निपटाया जाए, यह सुझाव देगी। इसके अलावा यह दूसरे राज्यों में लागू कानूनों की स्टडी करेगी और इस आधार पर कानूनी सलाह देगी।

महाराष्ट्र की रहने वाली श्रद्धा वाकर की उसके बॉयफ्रेंड आफताब पूनावाला ने 2022 में दिल्ली में हत्या कर शव के टुकड़े कर दिए थे। भाजपा ने इस मामले के बाद राज्य में लव जिहाद का मुद्दा उठाया था।

सुप्रिया सुले बोलीं- शादी या प्रेम निजी इच्छा

महाराष्ट्र में विपक्षी पार्टी NCP शरद पवार की लीडर सुप्रिया सुले ने कहा- शादी या प्रेम निजी इच्छा है। मैं सरकार से निवेदन करती हूं कि यह असल मुद्दों पर ध्यान दें। मोदी जी अभी अमेरिका से वापस लौटे हैं। अमेरिका ने हम पर नए टैरिफ लगा दिए हैं, जिसका प्रभाव हमारे देश पर पड़ेगा। ऐसे मामलों पर ध्यान देना चाहिए।

फडणवीस ने कहा था- एक लाख से अधिक शिकायतें मिलीं

अक्टूबर, 2024 में तत्कालीन उप मुख्यमंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था- एक दशक पहले हम सोचते थे कि लव जिहाद की बात इक्का-दुक्का घटना है, लेकिन एक लाख से अधिक शिकायतें मिली हैं। इनमें हिंदू महिलाओं को दूसरे धर्मों के पुरुषों के साथ भागकर शादी करने का झांसा दिया गया।

WPL में सबसे बड़ा रन चेज:RCB ने 18.3 ओवर में 202 का टारगेट चेज किया, ऋचा की फिफ्टी; गुजरात जायंट्स को हराया



24 न्यूज अपडेट

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने शुक्रवार को विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) सीजन-3 का धमाकेदार आगाज किया। टीम ने ओपनिंग मैच में गुजरात जायंट्स के खिलाफ 202 रन का टारगेट 18.3 ओवर में हासिल कर लिया। एलिस पेरी और ऋचा घोष ने तेज फिफ्टी लगाकर टीम को 6 विकेट की जीत दिलाई।

RCB ने WPL में सबसे बड़े रन चेज का रिकॉर्ड बना दिया। इससे पहले मुंबई ने 2024 में गुजरात के खिलाफ ही 191 रन चेज किए थे।

इस सीजन के ओपनिंग मैच में गुजरात की कप्तान एश्ले गार्डनर ने महज 37 गेंद पर 79 रन बनाए। विकेटकीपर बेथ मूनी ने भी फिफ्टी लगाई।

एश्ले ने बॉलिंग में 2 विकेट भी लिए, लेकिन उनके एक ओवर में 23 रन बनाकर ऋचा घोष ने RCB की जीत पक्की कर दी। ऋचा प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं।

संपादकीय : सहयोग का संबंध

प्रधानमंत्री की इस बार की अमेरिका यात्रा कई दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण कही जा सकती है। जबसे डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति का पद संभाला है, वे कई मामलों में काफी आक्रामक नजर आ रहे हैं। खासकर प्रवासियों और व्यापार संबंधों को लेकर । पदभार संभालने के साथ ही जिस तरह उन्होंने भारतीय मूल के अवैध प्रवासियों की पहली खेप बेड़ियों में जकड़ कर वापस भेज दी, उससे कई तरह की चिंताएं जताई जाने लगी थी। हालांकि प्रधानमंत्री इस बार राजकीय यात्रा पर नहीं गए थे, मगर डोनाल्ड ट्रंप ने उनके साथ पूरी गरमजोशी दिखाई। इस मुलाकात में कई तरह के भ्रम भी दूर हुए। कुछ लोग कयास लगा रहे थे कि ट्रंप जिस तरह कुछ देशों के साथ व्यापार पर अतिरिक्त शुल्क थोप रहे हैं और अमेरिकी हितों को तरजीह दे रहे हैं, उसमें भारत के साथ भी व्यापार प्रभावित हो सकता है। मगर ट्रंप ने इस कयास को साफ कर दिया। उन्होंने कहा कि जो देश जितना शुल्क लगाएगा, अमेरिका भी उस पर उतना ही शुल्क लगाएगा, न कम न ज्यादा। इसका साथ ही उन्होंने भारत सरकार के इस फैसले की तारीफ की कि उसने अनावश्यक शुल्क हटाना शुरू कर दिया है, जिससे भारतीय बाजार में अमेरिका की पहुंच कुछ और बढ़ेगी। दोनों देशों ने प्रतिरक्षा, तेल-गैस, नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग, आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग और प्रतिरक्षा खरीद मामलों ने महत्त्वपूर्ण समझौते किए। अमेरिका भारत को एफ-35 युद्धक विमान बेचने का इच्छुक है। भारत ने इस पर सहमति दे दी है। हालांकि इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक हस्ताक्षर नहीं हुए हैं, पर भारत मानता है कि इस विमान की खरीद से उसकी सामरिक शक्ति बढ़ेगी। अमेरिका ने भरोसा दिलाया है कि वह भारत की नागरिक परमाणु ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा और हर सहयोग उपलब्ध कराएगा। वह भारत की तेल और गैस संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा। दरअसल, भारत की चिंता कच्चे तेल की अधिक रहती है। रूस-यूक्रेन और इजराइल - फिलस्तीन संघर्ष के बीच आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई, तो कच्चे तेल के मामले में भारत ने रूस से सहयोग लेना शुरू कर दिया। अब अमेरिका से इस क्षेत्र में सहयोग मिलेगा, तो निश्चय ही उस पर दबाव कुछ कम होगा। आतंकवाद के मुद्दे पर भारत और अमेरिका लंबे समय से सहयोगी रहे हैं। मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को लेकर अमेरिका ने सकारात्मक रुख दिखाया है, उससे दोनों के रिश्ते और प्रगाढ़ हुए हैं। अवैध आप्रवासन को लेकर अमेरिका की चिंता पर भारत ने कहा कि यह अपने नागरिकों को वापस लेने को तैयार है, बेशक उन्हें, ससम्मान वापस भेजा जाए। यही नहीं, प्रधानमंत्री ने उन मानव तस्करों के खिलाफ भी कड़े कदम उठाने का वादा किया, जो भारत से लोगों को बरगला या बहला कर दूसरे देशों में ले जाते हैं। निश्चय ही यह अमेरिका के फैसले के प्रति सकारात्मक रुख है। सबसे अधिक चिंता व्यापार पर अतिरिक्त शुल्क लगाने से भारत के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की चिंता जताई जा रही थी, मगर उस चिंता को दूर करते हुए दोनों देशों ने भरोसा दिलाया है कि वे 2030 तक आपसी व्यापार को दोगुना करेंगे। इससे न केवल दोनों देशों का व्यापार घाटा कम होगा, बल्कि दोनों का बाजार कुछ और विस्तृत होगा। अमेरिका के साथ भारत के संबंधों में जिस गतिरोध की आशंका जताई जा रही थी, वह समाप्त हो गई है । प्रधानमंत्री की इस यात्रा की यह बड़ी उपलब्धि है।

वार्ता की नींव

लंबे समय से जातीय हिंसा के दौर से गुजर रहे मणिपुर में अंततः राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। शायद केंद्र के पास कोई विकल्प नहीं बचा था। पिछले डेढ़ वर्ष से भी अधिक समय से मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटाने की मांग की जा रही थी, लेकिन उन पर दबाव तब बना, जब राजग की सहयोगी पार्टी एनपीपी ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री पर नैतिक दबाव बना, तो उन्होंने इस्तीफा दे दिया। मगर यह दुखद है कि तब तक मणिपुर के राजनीतिक और सामाजिक ताने-बाने को गहरी क्षति पहुंच चुकी थी इस्तीफे के बाद बीरेन सिंह के कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहने से भी कई विधायक नाराज थे। वहीं नए मुख्यमंत्री के चयन के लिए सहमति न बनने पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के अलावा केंद्र के पास कोई रास्ता नहीं बचा था। मगर यह अनुभव रहा है कि राष्ट्रपति शासन लगाने से किसी भी राज्य में लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम नहीं हो सकी है। इसलिए जितनी जल्दी हो सके केंद्र को मणिपुर में पारदर्शी और निष्पक्ष सरकार का गठन करना चाहिए। वैसे भी राज्य में विधानसभा का कार्यकाल पर्याप्त बचा है। वह अभी भंग नहीं की गई है। पिछले ग्यारह साल में यह पहली बार है जब केंद्र की राजग सरकार ने भाजपा शासित पूर्ण बहुमत वाले राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया है। मणिपुर में अभी विधानसभा फिलहाल निलंबित है। यानी अब राज्यपाल वहां सभी प्रशासनिक कामकाज संभालेंगे। कोई दो मत नहीं कि इससे राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया बाधित होगी। सवाल है कि मणिपुर की मौजूदा स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है ? बीरेन सिंह पर इससे पहले पक्षपात के कई आरोप कुकी संगठनों ने लगाए थे मगर उनकी एक न सुनी गई। ऐसा कहा जा रहा कि इन संगठनों ने शांति वार्ता के लिए मुख्यमंत्री को हटाने की शर्त रखी थी। इस बीच भाजपा के विधायक भी उनसे नाराज हो गए थे। ऐसा प्रतीत होता है कि केंद्र ने राष्ट्रपति शासन लगा कर इसी असंतोष को थामने की कोशिश की है। वहीं बीरेन सिंह के हटने से राज्य में शांति बहाली के लिए वार्ता की उम्मीद बढ़ गई हैं।

कचरा बीनने वालों के काम आ रहा है रोड के बीच करोड़ों खर्च करके बनाया बगीचा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। इस गार्डन को बनाने में करोड़ों का खर्चा हुआ। लेकिन आज यह धूल फांक रहा है। दोनों तरफ सड़कों पर यातायात का जबर्दस्त दबाव है लेकिन यहां पर सब कुछ धूल और धुआं हुआ जा रहा है। ये उदयपुर की जनता के करोड़ों रूपयों के टेक्स की पैसे का ऐसा भद्दा मजाक है जिसको बरसों तक याद किया जाएगा। हो सकता है कुछ सालों बाद ट्रैफिक की समस्या को हल करने के लिए करोड़ों के इस गार्डन को हटाने की मांग उठने लगे। हम बात कर रहे हैं उदयपुर में नेहरू हॉस्टल के बाहर से लेकर जड़ाव नर्सरी तक सड़क के बीच सौंदर्यीकरण के नाम पर बनाए गए गार्डन की। इसकी हालत बेहद खस्ता है। मेंटेनेंस पता नहीं कौनसी एजेंसी के पास है लेकिन जिसके भी पास है वो खुलकर भ्रष्टाचार का खेल खेल रही है। यहां आकर लगता है बरसों से सफाई नहीं हुई। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। सौंदर्यीकरण के नाम पर जो पत्थर की कुर्सियां लगाई गईं हैं वो भी अपनी हालत पर आहें भरती नजर आ रही है। बड़ी गजब की बात है, व्यस्त सड़कों के बीच यहां पर ऐसा एकांत पसरा हुआ है कि कोई यहां पर आकर झांकता तक नहीं। ऐसे में यहां के बगीचे खानाबदोश और कचरा बीनने वालों का स्थायी डेरा और ठिकाना हो गए हैं। जब यह स्मार्ट रोड बनाई गई थी तो ऐसे सब्जबाग दिखाए गए थे मानों रोड का कायाकल्प होने वाला है। पार्किंग स्पेस से लेकर वाइ फाइ जोन तक की बातें हुईं थी जो आज हवा हो गईं हैं। वक्त के साथ हिरणमगरी की रोड पर यातायात का इतना ज्यादा दबाव हो गया है कि अब लोगों को यह बाग बगीचे खलने लगे हैं। वे इसके लिए प्रशासन और इन्हें बनवाने वालों को दोष देते हैं। यहां के जन प्रतिनिधि इस मुद्दे पर इसलिए नहीं बोलते क्योंकि ये उनकी ही नाकामियों के सुबूत हैं। हालत ये है कि हिरणमगरी में आपको ऐसा कोई व्यक्ति ढूंढे नहीं मिलेगा जो इतने बरसों में कभी इन बगीचों में घूमने गया हो। यहां कोई नेता कभी नहीं आता इसलिए प्रशासनिक अधिकारियों को भी सुधारने की फुर्सत नहीं है। इस खबर पर आप क्या सोचते हैं अपनी राय नीचे कमेंट बॉक्स में जरूर लिखें। खबर को लाइक और सबस्क्राइब करना नहीं भूलें।

उदयपुर में भाजपा विधायक के खिलाफ पर्चों से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर जिले की वल्लभनगर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक उदयलाल डांगी के खिलाफ एक संगठित साजिश के तहत रात के अंधेरे में पर्चे फेंकने का मामला सामने आया है। इन पर्चों में विधायक को अतिक्रमण करने वाला, हिस्ट्रीशीटर, हत्या का आरोपी और तस्कर बताया जा रहा है। इस मामले में पुलिस भी सतर्क हो गई है और आरोपी को पकड़ने के लिए वल्लभनगर तहसील परिसर समेत अन्य संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। हालांकि, अभी तक पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिला है।

पांच महीने से जारी है सिलसिला

जानकारी के अनुसार, बीते पांच महीनों से हर महीने में दो बार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। अज्ञात लोग रात के समय वल्लभनगर के विभिन्न गांवों में पर्चे फेंक कर चले जाते हैं। इस बार जो पर्चे मिले हैं, उनमें विधायक पर सरकारी कर्मचारियों से मासिक बंधी लेने के आरोप लगाए गए हैं। विधायक बोले- यह बदनाम करने की साजिश मीडिया रिपोर्ट के अनुसार विधायक उदयलाल डांगी ने इस पूरे घटनाक्रम को अपनी छवि खराब करने की सोची-समझी साजिश बताया है। उन्होंने कहा, "मैं पूरी तरह जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास में जुटा हुआ हूं, लेकिन कुछ लोग मुझे बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।" उन्होंने यह भी दावा किया कि पर्चों में "पटेल समाज" के नाम से यह बातें लिखी जा रही हैं, जबकि पटेल समाज उनका अपना समाज है। इससे साफ है कि यह राजनीतिक षड्यंत्र है। कोर्ट परिसर, गांवों की गलियों में फेंके जा रहे पर्चे वल्लभनगर कोर्ट परिसर, रूंडेड़ा और नवानिया गांव जैसे कई स्थानों पर इन पर्चों को रात में फेंका गया। इन पर्चों में दो पेज की सामग्री है, जिसमें विधायक को लेकर आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं और उन्हें जल्द से जल्द पद से हटाने की मांग की गई है। यह सिलसिला पिछले साल अक्टूबर महीने में शुरू हुआ था। जब पहली बार पर्चे बंटे, तो विधायक के पीए हेमंत चौबीसा ने वल्लभनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद से हर महीने यह घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है। सीसीटीवी लगाए गए, लेकिन सुराग नहीं मिला पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वल्लभनगर तहसील परिसर और अन्य प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। लेकिन, अभी तक किसी भी संदिग्ध की पहचान नहीं हो पाई है। वल्लभनगर थानाधिकारी दिनेश पाटीदार ने बताया कि "हमारी टीम इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। विशेष जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।" इस पूरे मामले को राजनीतिक षड्यंत्र से जोड़कर देखा जा रहा है। चूंकि विधानसभा चुनाव के बाद विधायक के खिलाफ इस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं, ऐसे में यह संभव है कि विपक्षी दल या व्यक्तिगत दुश्मनी रखने वाले लोग इस घटना को अंजाम दे रहे हों। हालांकि, पुलिस को अब तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि इसके पीछे कौन है। जांच जारी है, और पुलिस का दावा है कि जल्द ही सच्चाई सामने आएगी।

मारवाड़ की झाड़ियों में मिली नई प्रजाति

केरल व तमिलनाडु के बाद राजस्थान में देखने को मिला आयोकोमा आरबोरसेन्स, पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. सतीश व डॉ. अनिल ने माउण्ड आबू में की नई खोज







24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 14 फरवरी।समृद्ध जैव विविधता वाले राजस्थान के सिरोही जिले में माउन्ट क्षेत्र में आयोकोमा आरबोरसेन्स नामक पौधे की प्रजाति की उपस्थिति दर्ज हुई है। यह नई खोज उदयपुर के पर्यावरण विशेषज्ञ एवं सेवानिवृत वन अधिकारी डॉ.सतीश कुमार शर्मा एवं फाउन्डेशन फॉर ईकोलॉजीकल सिक्योरिटी के फील्ड इकोलॉजिस्ट डॉ. अनिल सरसवन ने की है।

डॉ शर्मा ने बताया कि यह एक वानस्पतिक मूल की सदस्य है जो सोलेनेसो यानी टमाटर कुल की है। इस झाड़ी में एकान्तरित, सरल व बडी पत्तियां विद्यमान रहती हैं। इसमे अप्रेल माह में पत्तियों की कक्ष में गुच्छों में हरे- सफेद रंग के फूल लगते हैं। उन्होंने बताया कि अप्रेल-मई में छोटे-छोटे गोलाकार फल गुच्छों में लगते हैं। पकने पर यह फल नारंगी हो जाता है। यह एक विदेशी प्रजाति का पौधा है। यह झाड़ी माउन्ट दाबू नगर एवं अभयारण्य में जगह- जगह विद्यमान है। अभी तक यह प्रजाति केवल केरल व तमिलनाडु में देखी गई थी। राजस्थान देश का तीसरा राज्य है जहां यह प्रजाति देखने को मिली है। इस प्रजाति संबंधी अनुसंधान पत्र इन्टरनेशनल जर्नल कॉफ साइन्टिफिक रिसर्च इन बायोलॉजीकल साइन्स के खण्ड ।। के अंक 6 में प्रकाशित हुआ है। डॉ शर्मा और डॉ. सरसवन की इस खोज पर स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों ने खुशी जताई है।ताकि इस संगठित अपराध को जड़ से खत्म किया जा सके।

सीसीटीवी से पकड़े गए बाईक चोर, 2 गिरफ्तार, 3 बाइक बरामद



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ। कस्बा बेगू मे तीन माह पूर्व हुई मोटरसाईकिल चोरी का खुलासा करते हुए बेगूं थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की तीन बाईक बरामद की है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि 15 नवम्बर 2024 को बेगूं कस्बे में बैक ऑफ बड़ोदा के पास मिस्त्री मार्केट से राजकुमार तेली की मोटरसाईकिल हीरो स्पेलण्डर प्लस अज्ञात बदमाश चोरी कर ले जाने पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया गया। उक्त घटना को ट्रेस आउट कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के क्रम में एएसपी रावतभाटा भगवतसिह हिगड़ व डीएसपी बेगूं अजंलिसिह के मार्गदर्शन में थानाधिकारी बेगूं शिवलाल मीणा पु.नि. के निर्देश पर जांच अधिकारी एएसआई प्यारेलाल व कानि. अरूण व विजय द्वारा घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये एवं फुटेज मे संदिग्ध दो व्यक्ति दिखने पर उनके जाने वाले रास्ते पर काटून्दा, बस्सी टोल, निम्बाहेड़ा, मेनाल, बिजौलिया, बून्दी, लाडपुरा, माण्डलगढ ,रतनगढ, नीमच, मन्दसौर, जावरा तक लगभग 135 से अधिक कैमरे के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियो के जाने वाले रास्तो को खंगाला गया । सीसीटीवी फुटेज मे आने वाले संदिग्ध व्यक्तियो के फोटो मौतबिर, मौजीज, मुखबिरो को बताया गया पुलिस टीम ने लगातार आरोपियों की तलाश की। काफी प्रयास के बाद सूचना के आधार पर सीसीटीवी फुटेज मे दिखने वाले आरोपी जावदा थाने के राजपुरा निवासी मन्नालाल उर्फ मदन ओड़ पुत्र नन्दलाल ओड़ को डिटेन कर पूछताछ की गई तो उसने अपने साथी आरोपी एमपी के काकरिया तलाई थाना रतनगढ जिला नीमच निवासी सागर बैरागी पुत्र भागचन्द्र बैरागी के साथ मिलकर उक्त घटना की बाईक चोरी करना बताया। दोनो ने अपराध करना कबूल किया, जिस पर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर अनुसन्धान किया गया। आरोपी सागर के कब्जे से मामले में चोरी हुई मोटर साइकिल को बरामद किया गया तथा उनकी सूचना पर उनके कब्जे से अन्य स्थानो कस्बा बेगू और सिंगोली मध्यप्रदेश से चोरी की गई अन्य दो मोटरसाईकिल भी बरामद की गई।

उक्त कार्यवाही मे थाना बेगू के एएसआई प्यारेलाल और कानि. अरुण सोनी का विशेष योगदान रहा। गिरफ्तार आरोपीगण से गहनता से अनुसंधान जारी है। जिनसे अन्य चोरी की वारदातो के बारे मे पुछताछ जारी है और भी चोरी की वारदात खुलने की सम्भावना है।

यातायात पुलिस ने फतेहसागर झरना टी-पॉइंट पर मिला पर्स लौटाया



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। फतेहसागर झरना टी-पॉइंट पर यातायात ड्यूटी में तैनात श्री हर्षवर्धन जी ASI मय जाप्ता श्री कैलाश जी HC 813 व श्री रामनिवास जी FC 2759 दौराने ड्यूटी राहगीर द्वारा अज्ञात पर्स किसी पर्यटक का गुम हो जाने पर झरना टी-पॉइंट पर तैनात यातायात जाब्ता को सुपुर्द किया। जिसकी जानकारी श्रीमान अशोक आंजना उप अधीक्षक यातायात उदयपुर को अवगत कराया। श्रीमान के निर्देशानुसार मालिक की जानकारी पर्स में मिले आधार कार्ड के आधार पर अहमदाबाद कंट्रोल रूम व सरदारशहर थानाधिकारी के सहयोग से मालिक राणा जया बेन से संपर्क कर मालिक द्वारा उसके परिचित श्री गिरिराज पिता कल्याणनाथ जी खंडेलवाल हाल मैनेजर पार्श्वनाथ ट्रैवल्स मय मूल दस्तावेज आधारकार्ड,पेनकार्ड, वोटरआईडी कार्ड के साथ राशी 2280रु. सुपूर्द किया।



मध्य प्रदेश की युवती से हरिद्वार के होटल में कई दिनों तक किया रेप, 17 लाख रुपए भी हड़पे



24 न्यूज अपडेट

हरिद्वारः उत्तराखंड के हरिद्वार जिले से रेप का मामला सामने आया है. युवती ने हरिद्वार शहर कोतवाली में इलाके के टूर एंड ट्रेवल्स एजेंसी के मालिक पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है. पुलिस को मुताबिक पीड़ित युवती मध्य प्रदेश की रहने वाली है. युवती ने अपनी शिकायत में आरोपी पर 17 लाख रुपए ठगने का भी आरोप लगाया है.

पीड़िता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि दो पहले ही हरिद्वार में उसकी मुलाकात बस स्टैंड के पास मौजूद टूर एंड ट्रेवल्स एजेंसी के मालिक से हुई थी. जान पहचान के चलते युवती ने आरोपी को करीब 17 लाख रुपए उधार दिए थे. मुलाकात को दौर आगे बढ़ा तो दोनों के बीच नजदीकियां भी बढ़ गई. आरोपी ने इस बीच पीड़िता से शादी का वादा भी किया.

पीड़िता का आरोप है कि एक दिन आरोपी ने उधार की रकम वापस करने के बहाने उसे हरिद्वार बुलाया और होटल लेकर गया. पीड़िता की शिकायत के अनुसार आरोपी ने होटल में कई दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया. वहीं जब पीड़िता ने आरोपी से शादी की बात की और उससे अपनी रकम वापस मांगी तो उसने युवती को जान से मारने की धमकी दी.

आखिर में पीड़िता ने इंसाफ के लिए पुलिस से मामले की शिकायत की. हरिद्वार शहर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि इस संबंध में ट्रेवल्स कारोबारी और उसकी महिला मित्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

डॉक्टर नहीं भगवान कहिये : पूरी रीढ़ की हड्डी को चीरकर निकाला ट्यूमर और बचा ली



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल की न्यूरोसर्जरी टीम ने एक जटिल ऑपरेशन कर एक महिला मरीज की जान बचाई। ऑपरेशन में ब्रेन स्टेम से लेकर रीढ़ की हड्डी के डी5 तक फैले ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला गया। डॉक्टरों के अनुसार, यह अब तक का सबसे बड़ा इंट्रामेडुलरी ट्यूमर है जिसे सफलतापूर्वक हटाया गया है और इसे मेडिकल जर्नल में प्रकाशित किया जाएगा। जयपुर की 30 वर्षीय लवीना को पिछले छह महीनों से चलने में परेशानी हो रही थी। उनके हाथ-पैरों में कमजोरी आ गई थी और कई बार वह चलते-चलते गिर जाती थीं। जब जांच करवाई गई तो एमआरआई में पता चला कि ब्रेन स्टेम से लेकर रीढ़ की हड्डी के डी5 तक एक बड़ा ट्यूमर फैला हुआ था। डॉक्टरों ने इसे बेहद जोखिम भरा मामला बताया और कहा कि ऑपरेशन के बाद लकवे की 99 फीसदी संभावना है। परिवार ने जयपुर और दिल्ली के कई बड़े अस्पतालों में परामर्श लिया, लेकिन सभी ने ऑपरेशन को अत्यधिक जोखिम भरा बताया। अंततः उन्होंने एसएमएस हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन डॉ. अचल शर्मा और डॉ. गौरव जैन से संपर्क किया।

ऑपरेशन का समयः 8-9 घंटे

मरीज को 26 जनवरी को एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती किया गया और आठ से नौ घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। इस ऑपरेशन में रीढ़ की हड्डी को सिर से लेकर आधे धड़ तक पीछे से काटा गया। ट्यूमर को हटाने के बाद हड्डी को वापस जोड़ा गया और उसे जोड़ने के लिए आठ से दस स्क्रू लगाए गए। ऑपरेशन के दौरान न्यूरोलॉजिकल मॉनिटरिंग का विशेष ध्यान रखा गया ताकि मरीज को न्यूनतम नुकसान हो। अब तक के इतिहास का सबसे बड़ा ऑपरेशन अब तक के चिकित्सा इतिहास में किसी मरीज से इतना बड़ा इंट्रामेडुलरी ट्यूमर नहीं निकाला गया था। इससे पहले सबसे बड़ा ट्यूमर डी4 तक फैला हुआ था, लेकिन लवीना का ट्यूमर डी5 तक फैला हुआ था। इस उपलब्धि को अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल ऑफ न्यूरोसर्जरी में प्रकाशन के लिए भेजा गया है।

न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में एक नई मिसाल

ऑपरेशन के बाद लवीना तेजी से स्वस्थ हो रही हैं और शनिवार को उन्हें एसएमएस हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है और वह जल्द ही पूरी तरह से ठीक हो जाएंगी। इस ऑपरेशन से यह साबित होता है कि भारत में चिकित्सा विज्ञान लगातार प्रगति कर रहा है और अत्यंत जटिल सर्जरी भी सफलतापूर्वक की जा सकती हैं। एसएमएस हॉस्पिटल की इस उपलब्धि ने न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है, जो भविष्य में अन्य जटिल सर्जरी के लिए प्रेरणा बनेगी।

डॉक्टरों की टीम

डॉ. अचल शर्मा (न्यूरोसर्जरी विशेषज्ञ),
डॉ. गौरव जैन (न्यूरोसर्जन), डॉ. मधुर, डॉ. हर्षिल, डॉ. सागर, डॉ. शोभा पुरोहित (सहायक सर्जन), एनेस्थीसिया विशेषज्ञः डॉ. नीलू शर्मा

कैसे शुरू हुई बीमारी?

जयपुर की रहने वाली लवीना पिछले 6 महीनों से शारीरिक असंतुलन (पउइंसंदबम) और कमजोरी से जूझ रही थीं। धीरे-धीरे चारों हाथ-पैर में हल्का लकवा (चंतजपंस चंतंसलेपे) आने लगा। चलते-चलते गिरने लगीं और दिन-ब-दिन उनकी हालत बिगड़ती गई। जब उन्होंने कई प्राइवेट हॉस्पिटल्स में इलाज करवाया लेकिन राहत नहीं मिली।जांचों में पता चला कि उनकी रीढ़ की हड्डी (स्पाइनल कॉर्ड) में ब्रेन स्टेम से क्5 तक एक बड़ा ट्यूमर (गांठ) फैला हुआ है। ऑपरेशन 8-9 घंटे तक चला और इसमें कई जटिल प्रक्रियाएं अपनाई गईं। रीढ़ की हड्डी को सिर से लेकर आधे धड़ तक पीछे से काटा गया ताकि ट्यूमर तक पहुंचा जा सके। ट्यूमर को सावधानीपूर्वक स्पाइनल कॉर्ड से अलग किया गया। रीढ़ की हड्डी को पुनः अपनी जगह पर सेट करने के लिए 8-10 स्क्रू लगाए गए। सर्जरी के दौरान न्यूरोलॉजिकल मॉनिटरिंग का विशेष ध्यान रखा गया ताकि किसी भी तंत्रिका को नुकसान न पहुंचे।

न्यूरोसर्जरी में ऐतिहासिक उपलब्धि

यह केस न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। पहली बार ब्रेन स्टेम के मेड्युला से डी5 तक फैले ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटाया गया है। इससे पहले सबसे बड़ा ट्यूमर डी4 तक का ही निकाला गया था।

कांग्रेस के पूर्व विधायक को ऑटो ड्राइवर ने जान से मारा, पुलिस ने किया गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

बेलगावीः कर्नाटक में गोवा के पूर्व विधायक लावू मामलेदार (69) की ऑटो चालक ने हमला कर दिया, जिसके बाद उनकी मौत हो गई. घटना बेलगावी शहर में शनिवार दोपहर को हुई. मृतक लावू साल 2012 से लेकर 2017 तक गोवा के पोंडा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक थे.

मौके पर पहुंची मार्केट थाना पुलिस ने जांच की और आरोपी को हिरासत में ले लिया. शव को बेलगावी जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. खबर के मुताबिक, बेलगावी के खड़ेबाजार स्थित श्रीनिवास लॉज के सामने यह घटना घटीखड़ेबाजार के पास पूर्व विधायक की कार ऑटो से टकरा गई. लावू मामलेदार कार से श्रीनिवास लॉज की ओर आ रहे थे.

तभी ऑटो चालक लॉज के सामने आया और पूर्व विधायक पर हमला कर दिया. हमले के बाद पूर्व विधायक लावू सीढ़ियां चढ़कर लॉज के कमरे में जा रहे थे, तभी अचानक गिर पड़े. पुलिस के मुताबिक, पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है.

मामूली झगड़े से बढ़ा विवाद

इस वारदात के बाद डीसीपी रोहन जगदीश और जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. भीमाशंकर गुलेदा ने घटनास्थल का दौरा किया और जानकारी जुटाई. डीसीपी रोहन जगदीश ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "घटना आज दोपहर करीब डेढ़ बजे हुई. गोवा के पूर्व विधायक लवू मामलेदार श्रीनिवास लॉज में थे. जब मामलेदार लॉज की ओर आ रहे थे, तो उनकी कार एक ऑटो से टकरा गई. इस पर ऑटो चालक से उनका मामूली झगड़ा हुआ. बाद में ऑटो चालक ने उनके सिर पर प्रहार किया.

JDA जल्द लॉन्च करेगा 3 नई आवासीय योजना 850 से ज्यादा प्लॉट लॉटरी के माध्यम से होंगे आवंटित



24 न्यूज अपडेट

जयपुर में घर का सपना देख रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। जयपुर विकास प्राधिकरण ने अटल विहार, गोविंद विहार और पटेल नगर आवासीय योजना के बाद अब तीन नई आवासीय योजना लॉन्च करने का फैसला किया है। इनमें लगभग 850 प्लॉट लॉटरी के जरिए आम जनता को दिए जाएंगे।

इनमें जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन - 12 के मंशारामपुरा में करीब 80 हजार वर्गमीटर में आवासीय योजना लाने की तैयारी चल रही है। इस योजना में करीब 250 प्लॉट होंगे। ग्राम बैनाड़ दौलतपुरा में 1.89 लाख वर्ग मीटर एरिया में लगभग 350 प्लॉट की योजना की प्लानिंग अंतिम फेज में चल रही है। इस योजना में कॉमर्शियल दुकानें भी होंगी। इसके साथ ही जोन - 13 में बस्सी के करधनी में 250 से अधिक प्लॉट सृजित करने की तैयारी की जा रही है।

सही कीमत पर निर्विवाद प्लॉट उपलब्ध हो सकेंगे


जयपुर विकास प्राधिकरण की आयुक्त आनंदी ने बताया- आम जनता को रियायती दर पर बिना विवाद प्लॉट देने की जयपुर विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी को हम निभा रहे हैं। इस जिम्मेदारी के तहत अब तक तीन योजनाओं को लॉन्च कर दिया गया है। जल्द ही UDH मंत्री के आदेश अनुसार और योजनाएं भी लाने की तैयारी है। जहां आम जनता को सही कीमत पर निर्विवाद प्लॉट उपलब्ध हो सकेंगे।

गोविंद विहार और पटेल नगर की लॉटरी निकाली जानी बाकी

बता दें कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अब तक तीन आवासीय योजनाओं को लॉन्च किया जा चुका है। इनमें अटल विहार आवासीय योजना में 284, गोविंद विहार आवासीय योजना में 202 और पटेल नगर आवासीय योजना में 270 प्लॉट सृजित किए गए हैं। जिन्हें आम जनता को लॉटरी के माध्यम से आवंटित किया जा रहा है।

इनमें अटल बिहारी आवासीय योजना की लॉटरी 14 फरवरी को निकल जा चुकी है। अब 20 फरवरी को गोविंद विहार आवासीय योजना और 24 फरवरी को पटेल नगर आवासीय योजना की लॉटरी निकाली जाएगी। इसके बाद 3 नई योजनाओं को लॉन्च किया जाएगा।

राजस्थान में तीन दिन हो सकती है बारिशःजैसलमेर, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, बाड़मेर में दिन हुए गर्म; पारा 35 डिग्री के पार



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में गर्मी तेज होने लगी है। कल (शुक्रवार) बाड़मेर में दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। 10 से ज्यादा शहरों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ है।

न्यूनतम तापमान बढ़ने से सुबह-शाम की सर्दी कम होने लगी है। अगले 3 दिन तक इसी तरह की गर्मी रहेगी। 18 फरवरी से मौसम में बदलाव होने का अनुमान है।

18 से 20 फरवरी के बीच जयपुर, बीकानेर, भरतपुर संभाग के जिलों में बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

सबसे गर्म बाड़मेर

कल सबसे गर्म दिन बाड़मेर का रहा, जहां अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर में कल तापमान औसत से 6 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज हुआ।

डूंगरपुर, जालोर में कल अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 32, जैसलमेर में 32.8, चित्तौड़गढ़ में 32.2, भीलवाड़ा में 32, उदयपुर में 31.8, जोधपुर में 31.7, नागौर में 31.4, दौसा, बारां, कोटा में 30.1 डिग्री दर्ज किया गया।

चूरू में 30, वनस्थली (टोंक) में 30.6 और अजमेर में 30.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में कल दिन में तेज गर्मी रही। यहां अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

सुबह-शाम कम होने लगी सर्दी

राज्य में अब सुबह-शाम की सर्दी भी कम होने लगी है। फलोदी में कल रात का न्यूनतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 15.3, बाड़मेर में 14.6, डूंगरपुर में 13.7 और बीकानेर में 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान कल फतेहपुर (सीकर) में 6.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

CBSE 10वीं और 12वीं की परीक्षा से शुरू, अजमेर रीजन में 2.7 लाख विद्यार्थियों ने दिया एग्ज़ाम



24 न्यूज अपडेट

अजमेर : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई है. सीबीएसई की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा में देशभर से 42 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे. इनमें अजमेर रीजन में 750 परीक्षा केंद्रों पर 2 लाख 70 हजार विद्यार्थी परीक्षा देंगे. वहीं, 26 देशों के अलावा भारत में परीक्षा के लिए 7 हजार 842 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं.

सीबीएसई ने परीक्षा के इंतजाम के तहत मूल्यांकन और परीक्षा केंद्रों पर पुख्ता योजना और सफल क्रियान्वयन के लिए व्यवस्थाएं की हैं. बोर्ड परीक्षाओं की प्रक्रिया के लिए हर वर्ष, हर टीम में नए स्कूल, प्राचार्य और शिक्षक जोड़े जाते रहे हैं, ताकि परीक्षा की गोपनीयता और शुचिता बनी रहे. अजमेर रीजन की बात करें तो 2 लाख 70 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे. इनमें दसवीं कक्षा में 1 लाख 40 हजार विद्यार्थी शामिल हैं. वहीं, 12वीं कक्षा में 1 लाख 30 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं. परीक्षा का आयोजन सुबह 10:30 से 1:30 बजे तक होगा. सीबीएसई परीक्षा को लेकर जारी टाइम टेबल के अनुसार दसवीं का पहला पेपर आज अंग्रेजी कम्युनिकेशन, अंग्रेजी लैंग्वेज और लिटरेचर का होगा. वहीं, 12वीं में पहला पेपर इंट्राप्रेन्योरशिप का होगा. परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थी पेंसिल, ज्योमेट्री बॉक्स, बॉल पेन, स्केल, इरेज़र, कलर, शार्पनर, ब्रश , प्रवेश पत्र और स्कूल आईडी अपने साथ ले जा सकेंगे. नियमित विद्यार्थियों के लिए निर्देश है कि वह स्कूल यूनिफॉर्म में ही परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्रों पर आएं, जबकि प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड आवश्यक नहीं है.

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश से पहले ही परीक्षार्थियों की जांच मुख्य द्वार पर की गई. प्रवेश पत्र स्कूल का आईडी कार्ड के अलावा परीक्षार्थियों के लिए अनुमति सामग्री की जांच के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया गया, ताकि अनुमत सामग्री में कोई आपत्ति जनक वस्तु न हो. सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा को लेकर बनाए गए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे पहले से लगे हैं.

आप-दा में अवसर, 3 पार्षद भाजपा में शामिल, सीटें बराबर



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. नई दिल्ली। दिल्ली में आम आदमी पार्टी (AAP) को एक बड़ा झटका लगा है। उनके तीन पार्षद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। यह घटनाक्रम दिल्ली नगर निगम (MCD) के चुनावों से पहले हुआ है, जो अप्रैल में होने वाले हैं। अनीता बसोया (एंड्रयूज गंज) धर्मवीर (आरके पुरम) निखिल (चपराना), इनके साथ ही AAP के चार अन्य नेता भी भाजपा में शामिल हुए हैं, जिनमें संदीप बसोया भी शामिल हैं, जो AAP से नई दिल्ली के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। MCD में पार्टियों की स्थितिः

AAP: 115 पार्षद
भाजपाः 115 पार्षद

इन तीन पार्षदों के भाजपा में शामिल होने से दोनों पार्टियों की संख्या बराबर हो गई है।

अप्रैल में होने वाले मेयर चुनाव में अब कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। पिछले चुनाव में AAP के महेश खिंची ने भाजपा के किशन लाल को तीन वोटों से हराया था। MCD की स्टैंडिंग कमेटी अभी तक नहीं बन पाई है, मामला कोर्ट में है। फरवरी के अंत में MCD का बजट पेश किया जाएगा। भाजपा ने AAP पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं और कहा है कि "हर भ्रष्टाचारी को सजा मिलेगी।" इस घटनाक्रम से दिल्ली की राजनीति में एक नया मोड़ आ गया है। अब देखना होगा कि इसका MCD चुनावों पर क्या प्रभाव पड़ता है।

सज्जनगढ़ अभयारण्य 17 को बंद, सड़क मरम्मत और रखरखाव कार्य होंगे, बायोलॉजिकल पार्क खुला रहेगा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर का प्रसिद्ध सज्जनगढ़ अभयारण्य, जिसे मॉनसून पैलेस के लिए जाना जाता है, 17 फरवरी को पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। वन विभाग ने इस दिन को अभयारण्य के रखरखाव, सड़क मरम्मत और अन्य आवश्यक सुधार कार्यों के लिए चुना है। वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ सुनील सिंह ने बताया कि सज्जनगढ़ सेंचुरी के अंदर स्थित सड़कों और अन्य बुनियादी संरचनाओं की मरम्मत आवश्यक हो गई थी। खासतौर पर, मॉनसून पैलेस तक जाने वाली सड़क कई जगहों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे पर्यटकों को असुविधा हो रही थी। इसे ठीक करने के लिए 17 फरवरी को अभयारण्य में पर्यटकों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। हालांकि, अभयारण्य बंद रहने के बावजूद, सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क (बायो पार्क) खुला रहेगा। यह तलहटी में स्थित है और उदयपुर आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। सज्जनगढ़ अभयारण्य में हर साल हजारों पर्यटक आते हैं। यहां से शहर का मनोरम दृश्य दिखाई देता है और यह प्राकृतिक जैव विविधता के लिए भी प्रसिद्ध है। लेकिन समय के साथ, यहां की सड़कों, पगडंडियों और संरचनाओं को नियमित रखरखाव की आवश्यकता होती है। मानसून पैलेस तक जाने वाली सड़क बारिश और लगातार पर्यटकों के आवागमन के कारण खराब हो चुकी है। अभयारण्य के भीतर कुछ संरचनाओं की मरम्मत और सुधार भी किए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ जगहों पर जरूरी उपाय किए जाएंगे। सज्जनगढ़ अभयारण्य उदयपुर के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। इसे "मॉनसून पैलेस" भी कहा जाता है क्योंकि महाराणा सज्जन सिंह ने इसे मुख्य रूप से मानसून के दौरान अपने निवास के रूप में उपयोग करने के लिए बनवाया था। यहां से उदयपुर शहर, फतेहसागर झील और आसपास के जंगलों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। यह क्षेत्र समृद्ध जैव विविधता के लिए भी जाना जाता है, जहां विभिन्न प्रकार के वन्यजीव और पक्षी पाए जाते हैं।

सैकड़ों लोगों ने सड़कों पर किया संकल्प, जब तक चोर नहीं पकड़ेंगे तब तक....



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. भीलवाड़ा। भीलवाड़ा जिले के हमीरगढ़ कस्बे में चामुंडा माता मंदिर में हुई चोरी को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। इस चोरी की घटना के बाद से ही कस्बे में तनाव का माहौल बना हुआ है, क्योंकि यह मंदिर स्थानीय आस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। चोरों ने मंदिर के मुख्य द्वार के ताले तोड़कर लाखों रुपये के आभूषण और नकदी चोरी कर ली, लेकिन इस घटना के पांच दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे स्थानीय निवासियों में गहरा असंतोष है। शनिवार को इसी असंतोष के चलते सैकड़ों लोगों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। सर्व हिंदू समाज के लोगों ने इस विरोध में बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे कस्बे में आक्रोश रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और कस्बे के बाजार अनिश्चितकाल के लिए बंद करवा दिए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे पहले ही 11 फरवरी को उपखंड अधिकारी और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप चुके थे, जिसमें शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की गई थी। लेकिन, तय समय सीमा बीतने के बावजूद पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जब लोगों को महसूस हुआ कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, तो उन्होंने सड़कों पर उतरने का फैसला किया। सदर बाजार में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और व्यापारियों ने भी इस बंद का समर्थन किया। हमीरगढ़ व्यापारिक संघ ने प्रशासन को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द से जल्द इस चोरी का खुलासा नहीं किया गया और चोरों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे। व्यापारियों ने यह भी कहा कि अगर पुलिस जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती, तो वे बाजार नहीं खोलेंगे और नेशनल हाईवे जाम कर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस नियमित गश्त करती और सतर्कता बरतती, तो ऐसी घटनाएं नहीं होतीं। चोर महिलाओं के भेष में आए थे और मंदिर में पुजारी सहित आधा दर्जन लोग सोए होने के बावजूद बड़ी आसानी से चोरी करके फरार हो गए। इससे यह स्पष्ट होता है कि पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में भारी चूक हुई है। अब एक सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है, जिससे लोगों का आक्रोश और भी बढ़ गया है। हालात बिगड़ते देख हमीरगढ़ थाना प्रभारी संजय गुर्जर मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत करने का प्रयास किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस मामले की जांच के लिए करीब 100 अनुभवी पुलिसकर्मियों की एक विशेष टीम बनाई गई है, जो चोरी का खुलासा करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा और चोरी का माल बरामद किया जाएगा। हालांकि, लोगों ने प्रशासन के आश्वासन को अस्वीकार कर दिया और कहा कि जब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक बाजार बंद रहेंगे। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि यदि पुलिस जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाती, तो वे आंदोलन को और भी बड़ा करेंगे और सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए उग्र प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

दीया कुमारी ने पत्रकारों को दिया स्नेह भोज



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। राजस्थान में इस साल होने वाले आईफा अवार्ड 2025 से राज्य के पर्यटन को नई पहचान मिलेगी। यह आयोजन न केवल राज्य के पारंपरिक पर्यटन स्थलों को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध करेगा, बल्कि नए पर्यटन स्थलों को भी एक नई पहचान मिलेगी। इससे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और राज्य सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी। यह बात शनिवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सिविल लाइंस स्थित कार्यालय में पत्रकारों के लिए आयोजित स्नेह भोज के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य आईफा अवार्ड जैसे बड़े आयोजन हर वर्ष राजस्थान में आयोजित करवाना है, ताकि प्रदेश में पर्यटन का विकास हो और अधिक से अधिक राजस्व अर्जित किया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से जुड़े पत्रकारों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता तक सही और प्रभावी तरीके से पहुंचाने में मीडिया की भूमिका अहम है। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बजट और अन्य सामयिक मुद्दों पर भी पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने पत्रकारों की समस्याएं सुनीं और उनके सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया। इस आयोजन के जरिए सरकार ने यह स्पष्ट किया कि बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजनों को राजस्थान में लाकर पर्यटन और आर्थिक विकास को नई दिशा देना प्राथमिकता होगी।

बंद घर को बनाया निशाना, सोना-चांदी ले उड़े चोर



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। डूंगरपुर के सुभाषनगर कॉलोनी में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। दिग्विजय सिंह के घर से चोर एक लाख रुपए नकद और एक तोला सोने की चेन चोरी कर फरार हो गए। परिवार 9 फरवरी से अपने भतीजे की शादी में गांव गया हुआ था। 5 दिन बाद जब वे लौटे, तो मुख्य दरवाजा खुला मिला और घर का सामान बिखरा हुआ था। अलमारी और तिजोरी के ताले भी टूटे हुए थे। चोरी की सूचना तुरंत कोतवाली थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। चोरों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। स्थानीय लोगों ने भी घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

सामाजिक एकजुटता इतिहास में हुआ करती थी शक्ति का स्रोत : विश्वराजसिंह



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। "महाराणा प्रताप एनुअल जियोपोलिटिक्स डायलॉग-2025", जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित किया गया, जिसमें नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में उन्होंने जियोपोलिटिक्स और वैश्विक राजनीति के संदर्भ में महाराणा प्रताप के योगदान पर प्रकाश डाला। इस आयोजन में केंद्रीय विदेश एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह, भारत में इजरायल के राजदूत रियुवेन अजार, पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत, दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल तेजेन्द्र खन्ना, यूएसएएनएएस फाउंडेशन के सीईओ डॉ. अभिनव पंड्या, सी.डी. सहाय, सेंटर फॉर नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज के सदस्य और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। विश्वराज सिंह मेवाड़ ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि इतिहास में सामाजिक एकजुटता शक्ति का स्रोत हुआ करती थी, लेकिन आज सामाजिक विघटन को शक्ति प्राप्त करने का माध्यम बनाया जा रहा है, जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने देश की प्रगति के लिए सभी वर्गों की एकजुटता को आवश्यक बताया। इस कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सुरक्षा और आधुनिक युग में इसके प्रभावों पर भी गहन चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने वैश्विक राजनीति, सुरक्षा और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के संभावित समाधान प्रस्तुत किए।

उदयपुर के तीन लैक्रोज खिलाड़ी जापान में खेलेंगे एशियाई प्रतियोगिता



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 15 फरवरी। ओकीनावा जापान में 20 से 23 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने वाली एशियन यूथ लेक्रोज चौंपियनशिप में राजस्थान से उदयपुर के मोहनलाल गमेती, खुमाराम गमेती एवं प्रणय त्रिपाठी का चयन भारतीय टीम में हुआ है स प्रशिक्षक नीरज बत्रा के अनुसार आगरा में फेडरेशन कप एवं उदयपुर में संपन्न हुई द्वितीय राष्ट्रीय सीनियर लेक्रोज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उक्त खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ है, दोनों ही प्रतियोगिताओं में राजस्थान ने स्वर्ण पदक जीता है स तीनों ही खिलाड़ियों को राजस्थान स्टेट माइन्स एंड मिनिरल्स लिमिटेड उदयपुर ने प्रायोजित किया है स मोहनलाल गमेती व खुमाराम गमेती जनार्दन राय नागर, राजस्थान विद्यापीठ के छात्र एवं उदयपुर के आदिवासी अंचल धार ग्राम के निवासी हैं, आदिवासी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, गोगुंदा विधायक प्रताप लाल भील, उदयपुर संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, उदयपुर कलेक्टर सुमित मेहता, प्रमोटर राजस्थान माइन्स एंड मिनिरल्स लिमिटेड उदयपुर के निदेशक भगवती प्रसाद कलाल, अधिकारी बी एस पत्राबत, भावना शर्मा, राहुल कोतवाल, जेएनआर राजस्थान विद्यापीठ के वाइस चांसलर प्रो शिव सिंह सारंगदेवोत, राजस्थान लेक्रोज संघ के अध्यक्ष अशोक परनामी, शहजाद खान,जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल आदि ने प्रसन्नता जाहिर कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

सीमलवाडा में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। सीमलवाड़ा कस्बे के घांचीवाड़ा मोहल्ले में शुक्रवार रात एक घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में पूरे घर में फैल गई, जिससे घर में रखे सभी सामान जलकर राख हो गए। हादसे के दौरान परिवार के सदस्यों को अपनी जान बचाने के लिए किसी तरह घर से बाहर भागना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। चूंकि क्षेत्र में दमकल की सुविधा तुरंत उपलब्ध नहीं थी, इसलिए स्थानीय लोगों ने बर्तनों में पानी भरकर आग बुझाने की कोशिश की। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक घर का पूरा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। पीड़ित सलाउद्दीन पटेल ने बताया कि इस भीषण अग्निकांड में घर का सारा कीमती सामान जैसे फ्रिज, कूलर, कपड़े, बिस्तर और अनाज पूरी तरह जलकर राख हो गए। इस आग से परिवार को करीब ढाई लाख रुपए का भारी नुकसान हुआ है। हादसे के कारण पूरा परिवार सदमे में है और पुनः अपने जीवन को पटरी पर लाने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलने पर धंबोला थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट था, जिससे पूरे घर में बिजली की तारें जल गईं और आग तेजी से फैल गई। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

एडमिट कार्ड और स्कूल आईडी दिखाकर प्रवेश दिया, 9 हजार स्टूडेंट्स हो रहे शामिल



24 न्यूज अपडेट

सीबीएसई की वर्ष 10वीं और 12वीं की मुख्य परीक्षाएं आज से शुरू हो गई हैं। उदयपुर जिले के 23 सेंटरों पर शुरू हुई परीक्षाओं को लेकर स्टूडेंट में काफी उत्साह देखा गया। सेंटर पर बेटियों ने भी खुशी जाहिर की तो कई के पेरेंटस ने इस मूवमेंट को अपने कैमरें के केंद्र के बाहर कैद किया।

सीबीएसई की दोनों कक्षाओं की परीक्षा में उदयपुर जिले में 23 केंद्र बनाए गए है जहां पर इन परीक्षा में करीब 8 से 9 हजार स्टूडेंट परीक्षा दे रहे है। पहला पेपर होने से परीक्षा केंद्रों पर आज छात्र-छात्राएं तय समय से बहुत पहले पहुंच गए। करीब पौने नौ बजे से ही सेंटर पर स्टूडेंट और अभिभावकों की रेलपमेल रही। केंद्रों पर स्टूडेंट्स को सुबह 10 बजे तक ही प्रवेश देना था लेकिन उससे पहले ही स्टूडेंट केंद्र पर पहुंच गए हैं परीक्षा का समय सुबह 10:30 बजे शुरू हो गई। 10वीं में आज पहला पेपर अंग्रेजी कम्युनिकेशन, अंग्रेजी लैंग्वेज और लिट्रेचर और 12वीं में पहला पेपर इंटरप्रिन्योरशिप का है। स्टूडेंट एडमिट कार्ड तथा स्कूल का आईडी कार्ड लेकर आए और उसको चेक कर ही अंदर प्रवेश दिया गया। नियमित स्टूडेंट्स स्कूल यूनिफॉर्म में ही आए। 10वीं के 18 मार्च व 12वीं के 4 अप्रैल तक एग्जाम होंगे।

ग्रीन पीपल सोसाइटी की नवानिया यात्रा, वृक्षारोपण और वन संवर्धन कार्यों पर की चर्चा



24 न्यूज अपडेट

दक्षिण राजस्थान में पक्षियों और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत ग्रीन पीपल सोसाइटी उदयपुर के सदस्यों ने नवानिया फार्म का दौरा किया और महत्वपूर्ण जानकारियां संकलित की। ग्रीन पीपल सोसाइटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने बताया कि सोसाइटी सदस्यों ने महाराणा प्रताप कृषि महाविद्यालय के एक्सटेंशन डायरेक्टेड विभाग के डॉ.अमित द्विवेदी एवं हीरा सिंह के साथ नवानिया ARS फार्म का दौरा किया जहां पर फार्म पर उपलब्ध भूमि पर प्रस्तावित सघन वृक्षारोपण कार्य के बारे में जानकारी ली। सदस्यों ने बताया कि उपलब्ध भूमि पर एक अन्य कट भी है जहां पर मछली फार्मिंग का कार्य भी हो सकता है। क्षेत्र के स्थानीय आदिवासी किसानों के लिए बकरी पालन. मुर्गी पालन आदि की जानकारी देकर उन्हें स्वावलंबी बनाने का कार्य भी प्रस्तावित है । भटनागर ने बताया कि शीघ्र ही कार्य योजना तैयार की जाएगी । दल के साथ ग्रीन पीपल समिति के डॉ.ललित जोशी, कृषि विभाग के रिटायर्ड प्रोफेसर इंद्रजीत माथुर, डॉ. सतीश शर्मा, प्रताप सिंह चुंडावत , वशिष्ठ साहब, रिटायर्ड आरएएस यासीन खान पठान एवं श्री इस्माइल अली दुर्गा आदि मौजूद रहे । इसके साथ ही दल ने राजू वास के नवानिया पशुपालन महाविद्यालय का भी दौरा किया वहां के अधिकारी डॉक्टर मितेश गौर आदि ने पशुपालन के क्षेत्र में किए जा रहे नए प्रयोग के बारे में जानकारी दी निकट भविष्य में शीघ्र ही विश्वविद्यालयों से मिलकर एमओयू किया जाएगा ताकि पर्यावरण सुधार एवं ग्रामीण आजीविका पर संयुक्त रूप से अच्छी पहल प्रारंभ हो सके।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।